www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, सोमवार,16 मार्च 2026


## सुविचार



लोकतंत्र का सार यह नहीं कि जनता केवल मत दे, बल्कि यह कि वह स्वयं शासन करने की क्षमता विकसित करे।

- जयप्रकाश नारायण


**लखनऊ के प्रमुख समाचार**

- किसान पथ पर हादसे में किशोर समेत दो की मौत II
- पुस्तक मेले में चिकित्सा का ज्ञान और एआई का विज्ञान III
- एआई के प्रयोग से बढ़ेगी शोध कार्यों की गुणवत्ता IV




**रमजान का 26वां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 4:54 | सुन्नी : 6:19 |
| शिया : 4:44 | शिया : 6:28 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज



- महात्मा गांधी मार्ग स्थित परिवहन आयुक्त कार्यालय पर उत्तर प्रदेश ऑटो-लोडर संयुक्त कल्याण समिति का प्रदर्शन- 1:00 बजे से।
- लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से कृत्रिम बुद्धिमत्ता : शासन के नए आयाम विषयक सेमिनार- 11:00 बजे से।
- नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार हॉल में टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक- 12:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## होने लगी सिलेंडरों की बुकिंग, होम डिलीवरी भी शुरू

### अधिकारियों की टीमों ने 31 एजेंसियों पर किया स्टॉक का मिलान, अधिक दाम पर सिलेंडर बेचने पर एक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन और प्रशासन की सख्ती के बद शहर की गैस एजेंसियों ने पहले से बुक किए सिलेंडरों की होम डिलीवरी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी की ओर से गठित जांच टीमों ने भी रविवार को 31 गैस एजेंसियों में बुकिंग के अलावा स्टॉक आदि का मिलान किया। कहीं कोई गड़बड़ी नहीं मिली। एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम ने बताया कि सर्वर की समस्या का काफी हद तक समाधान हो गया है। अब बुकिंग भी सुचारू रूप से होने लगी है। अब बुकिंग का बैकलॉग कम करने पर ध्यान दिया जा रहा है। इंडेन और भारत गैस में बुकिंग में आ रही समस्या का समाधान भी किया गया है।

गैस की कालाबाजारी को नकेल कसने के लिए जिलाधिकारी की ओर से गठित टीमों ने रविवार को पांचों तहसीलों और नगर क्षेत्र में 31 गैस एजेंसियों में बुकिंग के साथ स्टॉक आदि की जांच की। कहीं कोई गड़बड़ी नहीं मिली। अधिक दाम पर गैस सिलेंडर बेचने की एक शिकायत पर ग्राम मझगवां, जिला बलरामपुर निवासी मनीष कुमार के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 में गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।



गैस की किल्लत के बाद भी होटलों और ठेलों पर खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल प्रशासन रोक नहीं पा रहा है। अभी तक प्रशासन ने ठेलों, होटलों में घरेलू सिलेंडर के उपयोग की जांच शुरू नहीं की है। इससे सड़कों किनारे धड़ल्ले से ठेलों पर घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों का उपयोग हो रहा है। अमृत विचार

### बीआरडी अस्पताल में नहीं बन पाईं रोटियां

**अमृत विचार,लखनऊ :** महानगर स्थित भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय (बीआरडी) में रविवार को गैस सिलेंडर की आपूर्ति न होने से भर्ती मरीजों को नाश्ता नहीं पाया। शाम को रोटियां भी नहीं बन सकीं। मरीजों को केवल दाल-चावल ही परोसा गया। इससे भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों को परेशानी उठानी पड़ी। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि सिलेंडर आपूर्ति में आई बाधा के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई। जल्द ही व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

### विरोध में सपाइयों ने बांटे उपले

**अमृत विचार,लखनऊ :** एलपीजी सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती कीमतों का रविवार को समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने बापू भवन चौराहे के पास उपले बांटकर विरोध जताया। सपाइयों ने आरोप लगाया कि सरकार को गरीबों और आम जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। भाजपा के अच्छे दिन में आम लोगों के किचन से गैस सिलेंडर गायब हो गए हैं। गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। बताया कि गांव के लोगों से उपले तैयार करवाकर शहर में बांट रहे हैं, ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर उपले जब्त कर लिए। प्रदर्शन में शामिल प्रवेश यादव ने कहा कि यह विरोध सरकार को जनता की समस्याओं का एहसास कराने के लिए किया जा रहा है।

### भाकियू ने मार्च निकालकर सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, काकोरी :** रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती महंगाई के विरोध में भारतीय किसान यूनियन हिन्दुस्तान ने किसानों और मजदूरों के साथ मार्च निकाला। राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. सलमान और राष्ट्रीय महासचिव अजय यादव के नेतृत्व में संगठन के कार्यालय दुबग्गा से सीतापुर बाईपास तक प्रदर्शन किया गया। इसके बाददुबग्गा उपनिरीक्षक मजीद अहमद और सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार पटेल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती कीमतों के कारण आम जनता और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति को सुचारु किया जाए और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव अजय यादव, युवा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जमाल अंसारी, युवा प्रदेश सचिव अयान, प्रदेश उपाध्यक्ष वकार, किसान प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महिला सभा की जिला अध्यक्ष श्वेता वैश, किसान प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष रानी रावत, युवा जिला अध्यक्ष सैफ पठान, जिला उपाध्यक्ष प्रियांश सिंह वैश सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य।

### सरकार के नए प्रावधान का कैट ने किया स्वागत

**अमृत विचार, लखनऊ :** फूड रजिस्ट्रेशन/लाइसेंस के नवीनीकरण के झंझट से मुक्त करने के लिए एक मुश्त लाइसेंस, सालाना कारोबारी टर्नओवर में बढ़ोत्तरी किए जाने समेत कई मुद्दों पर जारी किए गए दस मार्च के गजट पर कन्फेडरेशन ऑफ आल इण्डिया ट्रेडर्स के नॉर्थ जोन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय गुप्ता ने आभार जताया है। व्यापारी नेता ने कहा कि नवीनीकरण की प्रक्रिया को लेकर एक निश्चित अवधि के बाद लाइसेंस रद्द हो जाता था। अब इससे राहत मिलेगी। यही नहीं गजट में सरकार ने राहत देते हुए रजिस्ट्रेशन जो पूर्व में सालाना 12 लाख टर्न ओवर तक के कारोबारी पर लागू होता था, उसे बढ़ाकर 1.5 करोड़ कर दिया गया है। वहीं 5 करोड़ सालाना टर्नओवर के व्यापारी को राज्य से और 5 करोड़ से अधिक टर्नओवर के व्यापारी को केंद्र से लाइसेंस लेना होता था। इस सीमा को बढ़ाकर अब 50 करोड़ सालाना टर्नओवर तक के व्यापारी राज्य से एवं उससे अधिक टर्नओवर के व्यापारी को केंद्र से लाइसेंस प्राप्त करना होगा। स्ट्रीट फूड वेंडर्स को राहत देते हुए नए प्रावधान में राहत दी गई है। इससे स्ट्रीट फूड वेंडर्स को दो अलग जगह अपने को रजिस्टर्ड करने और उत्पीड़न से मुक्ति मिलेगी।

## सिटी ब्रीफ

### प्रदेश में अंगदान को बढ़ावा देने वाले डॉ. हर्षवर्धन सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अंगदान और प्रत्यारोपण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सोटो यूपी के संयुक्त निदेशक और पीजीआई के एमएस, डॉ. राजेश हर्षवर्धन को सम्मानित किया गया। यह सम्मान क्षेत्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन और पीजीआई चंडीगढ़ की ओर से अंगदान पर आयोजित कार्यशाला में दिया गया। समारोह में निदेशक डॉ. विवेक लाल, रोटो के नोडल अधिकारी डॉ. विपिन कौशल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अमरजीत कौर और निदेशक डॉ. अनिल कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. हर्षवर्धन की प्रदेश में अंगदान को बढ़ावा देने की पहल और कार्यों की सराहना की गई।

### हृदय रोग निदान शिविर में हुई 500 मरीजों की जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना स्थित चांसलर क्लब में रविवार लगाए गए हृदय रोग निदान शिविर में लखनऊ समेत कई जिलों के 500 से अधिक रोगियों की जांच की गई।श्री सत्य साई सेवा संगठन उत्तर प्रदेश, अहमदाबाद व राजकोट स्थित श्री सत्य साई हार्ट हॉस्पिटल की ओर से आयोजित शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान ने किया। गुजरात से आए आठ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अत्याधुनिक 2 डी ईको मशीनों जांच की। ऑपरेशन के लिए 180 गंभीर रोगियों की पहचान की गई। अहमदाबाद और राजकोट के साई अस्पतालों में निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। बाबा के शताब्दी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निरंतर 100 भजनों की प्रस्तुति दी गई। दूर-दराज से आए 1200 लोगों के लिए आवास, नाश्ते और भोजन भी कराया गया। जिला अध्यक्ष अजय कपूर, डॉ. मनोज भीमानी और डॉ. विजय अग्रवाल भी मौजूद रहे।

### पार्क व्यू फ्लैट के लिए 6 अप्रैल तक पंजीयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण बसंतकुंज योजना में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास पार्क व्यू अपार्टमेंट बनाएगा। इसकी ग्रीन कॉरिडोर से सीधे कनेक्टिविटी मिलेगी। एलडीए ने कुल 364 प्रीमियम फ्लैट के लिए 6 अप्रैल तक पंजीयन खोले हैं। पार्क व्यू अपार्टमेंट की कनेक्टिविटी और लोकेशन काफी प्राइम होगी। यह पुराने लखनऊ के घनी आबादी के पास वाले क्षेत्र में बनेगा। पास में राष्ट्र प्रेरणा स्थल, ग्रीन कॉरिडोर, आईआईएम रोड, दुबग्गा रोड और चौक जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र जुड़े हैं। अपार्टमेंट में चार टावर बनेंगे। टावर ए एवं बी में 16-16 फ्लोर, टावर सी में 20 फ्लोर तथा टावर डी 17 फ्लोर बनेंगे। 3 बीएचके, 3 बीएचके, सर्वेंट श्रेणी के कुल 364 फ्लैट बनाए जाएंगे।



सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में हुए बोगेनवेलिया उत्सव के विजेताओं के साथ अतिथि और आयोजक। अमृत विचार

## डॉ.पूर्णिमा और एलडीए ने जीती महानिदेशक ट्रॉफी

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बोगनविलिया उत्सव के 51 विजेताओं को किया पुरस्कृत

- कुर्सी रोड की सावनी यादव ने तीन प्रथम पुरस्कार जीते
- व्यक्तिगत श्रेणी निदेशक ट्रॉफी डॉ. पूर्णिमा सिंह को मिली
- संस्था / नर्सरी निदेशक ट्रॉली पर एलडीए ने किया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनबीआरआई) में हुए बोगेनवेलिया उत्सव में कुर्सी रोड की सावनी यादव ने तीन वर्गों में प्रथम पुरस्कार जीते। गोमती नगर की डॉ. पूर्णिमा सिंह और एलडीए ने दो-दो वर्गो में पहला स्थान प्राप्त किया। डॉ. पूर्णिमा सिंह और लखनऊ विकास प्राधिकरण ने संयुक्त रूप से महानिदेशक ट्रॉफी जीती। व्यक्तिगत श्रेणी निदेशक ट्रॉफी डॉ. पूर्णिमा सिंह और संस्था / नर्सरी श्रेणी में एलडीए ने जीती। समापन समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 51 विजेताओं को पुरस्कृत किया। अलग-अलग श्रेणी में 20 प्रथम, 17 द्वितीय और 14 तृतीय पुरस्कार दिए गए।

दो दिवसीय बोगेनवेलिया उत्सव में 300 से अधिक रंग-बिरंगे पुष्पों से एनबीआरआई का उद्यान सजाया गया। समापन समारोह में राज्यपाल ने कहा कि बोगेनविलिया गर्मी के मौसम में आंखों को सुख देने वाला पुष्पीय पौधा है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता है कि हम प्रकृति के उपहार और सौंदर्य को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। पेड़ पौधे सिर्फ सुंदरता ही नहीं बल्कि किसानों की आजीविका बढ़ाने में भी योगदान दे रहे हैं। ऐसे आयोजन किसानों को नवीनतम शोध, किस्मों और कृषि तकनीक से परिचय कराते हैं। एनबीआरआई के निदेशक डॉ. एके शासनी ने कहा कि संस्थान नई बोगनवेलिया किस्मों के विकास तथा इसे आम जनमानस में लोकप्रिय बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वरिष्ठ वैज्ञानिक केजे सिंह, पूर्व निदेशक डॉ. पीके त्रिवेदी, आईआईटीआर के निदेशक डॉ. भास्कर नारायण उपस्थित रहे।



विजेता को ट्रॉफी देतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, साथ में अन्य।

### लविवि को आठ इनाम

उत्सव में लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग ने कई श्रेणियों में कुल आठ पुरस्कार जीते। विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना ने कहा कि यह उपलब्धि गर्व का विषय है और इससे वनस्पति शिक्षा तथा उद्यानिकी उत्कृष्टता के क्षेत्र में विभाग की प्रतिष्ठा और सुदृढ़ हुई है।

### 31 के बाद 12 प्रतिशत ब्याज के साथ जमा करना पड़ेगा गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर निगम जोन- 3 में रविवार को जोनल अधिकारी के नेतृत्व में बाइक एवं वाहन रैली निकालकर गृहस्वामियों से गृहकर जमा करने की अपील की। अलीगंज, महाकवि जयशंकर प्रसाद, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, लाला लाजपत राय, महानगर, विवेकानन्दपुरी और डालीगंज निराला नगर वार्डों में लोगों को बताया कि 31 मार्च से पहले बकाया गृहकर जमा कर दें। इसके बाद 12 प्रतिशत ब्याज के साथ बकाया गृहकर जमा करना पड़ेगा। रविवार को नगर निगम के जोनल कार्यालय और कैश काउंटर में बड़ी संख्या में भवन स्वामियों ने बकाया गृहकर जमा किया।

## हवा और बूंदाबांदी से तीन डिग्री गिरा पारा

- गरज-चमक के साथ आज भी बारिश होने की संभावना

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रविवार को शहर का मौसम अचानक बदल गया। सुबह से शहर और आस-पास बादल छाए रहे। कहीं-कहीं बूंदाबांदी के साथ हवा चलने से मौसम सुहावना हो गया। अधिकतम तापमान करीब 3 डिग्री सेल्सियस गिरकर 31.6 डिग्री पर पहुंच गया, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 5.6 डिग्री अधिक था। मौसम विभाग के अनुसार आज भी राजधानी और आस-पास बादल छाए रहेंगे। गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। न्यूनतम तापमान में करीब 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 17 से 18 मार्च के बीच तापमान में फिर बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। इसके बाद 19 से 21 मार्च तक बारिश की संभावना है, जिससे तापमान एक बार फिर सामान्य हो जाएगा।

## भूमि अधिग्रहण की जांच करेगी कमेटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की योजनाओं में अधिग्रहित भूमि में लापरवाही की पांच सदस्यीय कमेटी जांच करेगी। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अपर सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित करके 15 दिन में रिपोर्ट मांगी है।

एलडीए ने प्रबंध नगर योजना, गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार समेत अन्य योजनाओं के लिए जमीन का अधिग्रहण किया था। इसमें गड़बड़ी और लापरवाही बरती गई। बढ़े प्रतिकरण से संबंधित शिकायतें भी हैं। इस कारण प्रबंध नगर योजना विकसित नहीं हो पाई। अन्य योजनाओं में भी इस तरह के मामले लंबित हैं। उपाध्यक्ष ने अधिग्रहण से जुड़े इस तरह के मामलों की जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही अपर सचिव सीपी त्रिपाठी की अध्यक्षता, संयुक्त सचिव (अर्जन) सुशील प्रताप सिंह, विशेष कार्याधिकारी संगीता राघव, एसडीएम विराग करवरिया व चकबंदी अधिकारी हेमचंद्र तिवारी को सदस्य नामित करते हुए कमेटी गठित की है। उपाध्यक्ष ने बताया कि कमेटी अभिलेखों के आधार पर जांच करके 15 दिन में रिपोर्ट देगी। लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ शासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

### एलडीए को बोर्ड बैठक 20 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की 20 मार्च को बोर्ड बैठक होगी। बैठक में नई व पुरानी योजनाओं का बजट पास किया जाएगा। वित्तीय वर्ष में 2026-27 की योजनाएं स्वीकृत की जाएंगी। प्रस्ताव बनाने शुरू कर दिए हैं। एलडीए की यह बैठक बजट से संबंधित रहेगी। नई व पुरानी योजनाओं और विकास कार्यों का बजट स्वीकृत किया जाएगा। इससे शहर के विकास को रफ्तार मिलेगी। मुख्य फोकस नैमिष नगर, वरुण विहार, आईटी सिटी और वेलनेस सिटी पर रहेगा। इन चारों योजनाओं को विकसित करने के लिए बजट स्वीकृत किया जाएगा।

**सम्मान** | सोन चिरैया संस्था की ओर से भेंट की गई एक लाख रुपये की धनराशि, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र

## पद्मश्री बतूल बेगम लोकनिर्मला सम्मान से अलंकृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजस्थान की भजन मांड परंपरा की प्रख्यात लोक गायिका पद्मश्री बतूल बेगम को रविवार को लोक निर्मला सम्मान- 2026 से अलंकृत किया गया।भारतीय लोक परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन और उनके दीर्घकालिक समर्पण के लिए उन्हें ये सम्मान पद्मश्री मालिनी अवस्थी की संस्था सोन चिरैया की ओर से संगीत नाटक अकादमी में दिया गया।

पद्मश्री मालिनी अवस्थी, पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत और निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने एक लाख रुपये की धनराशि, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट किए। इसके बाद बतूल बेगम और मालिनी अवस्थी ने लोक गायन भी प्रस्तुत किया।

लोक निर्मला सम्मान लोक कलाकारों को मिलने वाला उत्तर प्रदेश का बड़ा सम्मान है। इस सम्मान की शुरुआत पद्मभूषण तीजन बाई से हुई थी। पिछले साल यह सम्मान उत्तराखंड की लोक गायिका पद्मश्री बसंती बिष्ट को दिया गया था।



पद्मश्री बतूल बेगम लोकनिर्मला सम्मान देतीं मालिनी अवस्थी, डॉ. विद्या बिंदु सिंह, प्रो. मांडवी सिंह व अन्य।

## सरसवां में बिना तलपट मानचित्र की प्लाटिंग, खरीदारों की पूंजी फंसी

- एलडीए ने बिना तलपट मानचित्र के प्लाटिंग पर की थी कार्रवाई
- कुछ ने विकासकर्ताओं तो कुछ ने किसानों से सीधी खरीदी जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमती नगर विस्तार अंतर्गत सरसवां में जमीन और भूखंड खरीदने वालों की जमा-पूंजी फंस गई है। विकासकर्ताओं ने बिना तलपट मानचित्र के बड़े पैमाने पर प्लाटिंग करके भूखंड बेचे हैं। जिस पर एलडीए ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्लाटिंग के आसपास जिन लोगों ने किसानों से सीधे जमीन खरीदी है उन्हें भी कार्रवाई का डर है। किसानों से सीधे खरीदी गई जमीन में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

सरसवां में विकासकर्ताओं ने एलडीए से बिना लेआउट पास कराए प्लाटिंग करके 100 से अधिक भूखंड बेचे। इनमें 34 भूखंडों पर निर्माण किया गया और अवैध होने पर ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए। इस क्रम में पिछले सप्ताह चार मकान ध्वस्त कर दिए। शेष शासन में विचाराधीन हैं। अब भूखंड स्वामी विकासकर्ताओं और एलडीए के चक्कर लगा रहे हैं। वहीं, प्लाटिंग के आसपास जिन लोगों ने सीधे किसानों से जमीन खरीदी है वह असमंजस में है। उनकी जमीन अर्जन या फिर एलडीए की बताई जाती है। ध्वस्तीकरण के डर से निर्माण नहीं करा रहे।

## सिटी ब्रीफ

### तीन डीसीपी के कार्यक्षेत्र बदले

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस कमिश्नर लखनऊ अमरेंद्र कुमार सेंगर ने रविवार देर शाम को तीन पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। जारी सूचना के अनुसार डीसीपी रवीना त्यागी को यातायात की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, यातायात व अपराध की जिम्मेदारी संभाल रहे कमलेश दीक्षित को पुलिस उपायुक्त मुख्यालय बनाया है। इसके अलावा अनिल कुमार यादव को मुख्यालय से अपराध व लाइन्स-भवन की जिम्मेदारी सौंपी है।

### शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

**अमृत विचार, आलमबाग :** एलडीए कालोनी पराग रोड निवासी सुशीला सिंह ने विजय नगर मानसनगर में भगवती प्रसाद के मकान में बनी दुकान को किराये पर ले रखा है। उसमें परचून की दुकान चलाती हैं। रविवार शाम बंद दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। धुआं और तेज लपटें निकलती देख अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। कितने का नुकसान हुआ है। पुलिस व अग्निशमन की टीम जांच कर रही है। अग्निशमन अधिकारी आलमबाग धर्मपाल सिंह के मुताबिक शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लगा है। किसी प्रकार का कोई जनहानि नहीं हुआ है। एक दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया था। हादसे में दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अंसल निदेशकों पर एक और धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाइटेक आवासीय योजना के नाम पर अरबों का फर्जीवाड़ा करने वाले अंसल निदेशकों के खिलाफ रविवार को एक और रिपोर्ट दर्ज हुई है। केंद्रीय सचिवालय के रिटायर्ड अधिकारी ने प्लॉट के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। आरोप है कि रुपये देने के बाद भी प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं की गयी। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। गुडंगांव के केंद्रीय विहार निवासी 65 वर्षीय कैलाश खत्री केंद्रीय मंत्रालय सचिवालय के रिटायर्ड अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि अंसल एपीआई में दो प्लॉट बुक कराए थे। उन्होंने प्लॉट के एवज में पूरे रुपये जमा किए थे। दोनों प्लॉट पर बाउंड्री हो गयी थी। पीड़ित ने कंपनी में कई बार रजिस्ट्री व कब्जे के लिए संपर्क किया लेकिन टालमटोल की गयी। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### सीने पर बैट लगने से किशोरी की मौत

**अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना के औरंगाबाद जागीर में रविवार शाम क्रिकेट खेलते समय सीने में बल्ले की चोट लगने से किशोरी की मौत हो गई। आशियाना के औरंगाबाद जागीर निवासी सूरज राजपूत सरिया का काम करते हैं। रविवार शाम करीब 5 बजे बड़ी बेटी वैष्णवी (13) छोटी बहन छवि और मोहल्ले के अन्य बच्चे घर के पास क्रिकेट खेल रही थी। इस दौरान बैट पास खड़ी वैष्णवी के सीने पर लग गई। वह बेसुध होकर वहीं गिर गई। परिजन उसे लोकबंधु पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूरज के मुताबिक वैष्णवी कक्षा चार की छात्रा थी। दो बहनों में बड़ी थी। एक चार माह का बेटा है। मां रेखा बेटी के शव से लिपटकर रोने लगी। वह कई बार बेहोश हो गई। उसे चिकित्सकों व कर्मचारियों ने संभाला। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। मामले की जांच की जा रही है।



उत्तर प्रदेश पुलिस की उपनिरीक्षक परीक्षा के बाद चारबाग स्टेशन के प्लेटफार्म पर ट्रेन के इंतजार में खड़े अभ्यर्थी और अन्य यात्री। अमृत विचार



परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थी की तलाशी लेता पुलिसकर्मी।

### गणित और तर्कशक्ति के आसान प्रश्नों से अभ्यर्थी प्रसन्न

- **अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पुलिस की उपनिरीक्षक परीक्षा में दूसरे दिन सामान्य अध्ययन, सामान्य ज्ञान के मुकाबले गणित व तर्कशक्ति के प्रश्न आसान आए। कुछ अभ्यर्थियों ने कहा कि आसान प्रश्नों के कारण मेरिट अधिक जाएगी। दोनों पालियों में कड़ी जांच के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। महिला अभ्यर्थियों के जूड़े खुलवाकर इलेक्ट्रानिक डिवाईइस आदि की जाचं की गई। पर्स, मोबाईल, स्मार्ट वॉच को जमा करा लिया गया। प्रत्येक पाली में 22,080 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

### परीक्षा के बाद रेलवे स्टेशनों पर उमड़ी अभ्यर्थियों की भीड़

- **अमृत विचार, लखनऊ :** परीक्षा बाद रविवार को भी चारबाग रेलवे स्टेशन पर अभ्यर्थियों की भीड़ रही। प्लेटफार्म ट्रेन पहुंचते चढ़ने के लिए मारामारी मचने लगती थी। कई अभ्यर्थी खिड़कियों से बोगी में घुसते दिखाई दिए। जनरल बोगियों में भीड़ होने के कारण कई अभ्यर्थी स्लीपर और थर्ड एसी कोच में घुस गए। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपीएफ की टीम ने उन्हें कोच से बाहर निकाला। भीड़ को नियंत्रित कर यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और उतरने में मदद की। रायबरेली, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, बस्ती, बलिया और मऊ जाने वाले अभ्यर्थी अधिक रहे।

### दिल्ली जेल से परीक्षा देने लाया गया जालसाजी का आरोपी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** परीक्षा में रविवार को दिल्ली जेल में बंद एक आरोपी मोहनलालगंज के काशीश्वर इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने लाया गया। विशेष सुरक्षा में उसे दिल्ली पुलिस लाई थी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक मूलत : प्रयागरा का रहने वाला अंकित त्रिपाठी साइबर जालसाजी के मामले में दिल्ली की सेंट्रल जेल में बंद है। परीक्षा देने के लिए अंकित ने कोर्ट में अर्जी डाली थी। कोर्ट की अनुमति के बाद उसे यहां लाया गया था।

### जातिगत प्रश्न पर कोर्ट जाने की तैयारी में अभ्यर्थी

- दरोगा भर्ती परीक्षा में एक प्रश्न में पंडित पर आपत्तिजनक प्रश्न पूछने के मामले में प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी में है। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति मीडिया प्रभारी प्रशांत पाण्डेय ने सरकार से मांग की है कि इस प्रकार का आपत्तिजनक प्रश्न बनाने वाले पर कठोर कार्यवाही करें। अगर कार्यवाही नही करते हैं तो पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष समेत समस्त जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध उच्च न्यायालय की शरण लेंगे।

# 12वीं के छात्र ने 100 की रफ्तार से बुलेट दौड़ा किया स्टंट, गई जान

## जनेश्वर मिश्र पार्क गेट नंबर-5 के पास अनियंत्रित बुलेट स्कूटी व बाइक से टकराई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** स्टंटबाजी ने एक और नाबालिग छात्र की जान ले ली। रविवार सुबह स्टंट के दौरान इंटर के छात्र की बुलेट बाइक जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर-5 के पास स्कूटी से टकरा गई। हादसे में छात्र की मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक पर सवार उसका साथी और दोनों स्कूटी सवार घायल हो गए। 100 की रफ्तार से बुलेट दौड़ा रहा छात्र टक्कर लगने के बाद सड़क पर करीब 50 मीटर तक घिसटता चला गया।

गोमतीनगर के विशेष खंड निवासी राम इकबाल गाजियाबाद में बिजली विभाग में एसडीओ है। उनका बेटा नैतिक (17) निजी स्कूल में इंटर का छात्र था। रविवार सुबह नैतिक रॉयल एनफील्ड जीटी बुलेट बाइक से जनेश्वर मिश्र पार्क की तरफ घूमने गया था। दूसरी स्पोर्ट्स बाइक पर आदित्य श्रीवास्तव था। दोनों बाइक दौड़ा कर स्टंट करने लगे। आदित्य ने अपनी बाइक में लगे 360 डिग्री कैमरे में वीडियो रिकार्डिंग कर रहा था। कैमरे में हुए रिकार्डिंग में नैतिक दौड़ती बुलेट पर खड़े होकर स्टंट करता दिख रहा है। इस दौरान गेट नंबर-5 के पास से निकली स्कूटी से बुलेट बाइक टकरा गई। पीछे से आदित्य की भी बुलेट से टकरा गई। टक्कर लगने से नैतिक बाइक से उछलकर 50 मीटर तक घिसटता चला गया। हादसे में स्कूटी सवार कृष्णा सिंह, लव शर्मा और आदित्य भी घायल हो गए।

स्कूटी सवार क्रिकेट खेलकर लौट रहे थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने नैतिक को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। आदित्य से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि हादसे से कुछ देर पहले नैतिक ने भाई से कहा था कि वह उसे स्टंट दिखाएगा। उसने भाई को उसकी बाइक पर बैठा दिया और स्टंट करने लगा। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर घटना की वीडियोग्राफी और लिखित सहमति लेने के बाद पंचनामा भरकर शव परिजन को सौंप दिया गया। घरवाले शव लेकर बाराबंकी चले गए।





चलती बुलेट बाइक पर खड़े होकर स्टंट करता छात्र हादसे के बाद सड़क पर गिर पड़ा। अमृत विचार

### खानापूर्ति के लिए चलता है अभियान, रोजाना होता है स्टंट

- नाबालिग और नवयुवकों के बीच बाइक व कार से स्टंट करने और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। वजह रिव्यू और लाइक को बढ़ा सके। पुलिस के खानापूर्ति अभियान के बाद भी बाइकर्स जनेश्वर मिश्र पार्क रोड, जी-20 रोड, शहीद पथ, मरीन ड्राइव, विपुलखंड ओवरब्रिज और आउटर रिंग रोड जैसे इलाकों में सुबह और देर रात स्टंट करते नजर आते हैं। पुलिस पकड़कर गाड़ी सीज करने के साथ ही फटकारती और एमवी एक्ट की कार्रवाई करती। बावजूद शहर में स्टंट का खेल जारी है। इसमें नौजवान अपनी और दूसरे की जान को खतरे में डालते हैं।

### स्टंटबाजों का पसंदीदा स्पॉट बना जनेश्वर मिश्र पार्क रोड

- यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी जनेश्वर मिश्र पार्क रोड पर आए दिन स्टंट होता है। नाबालिगों के लिए स्टंट का पसंदीदा स्थान जो कभी मरीन ड्राइव था, वह अब जनेश्वर मिश्र पार्क रोड है। सुबह-शाम स्टंट बाइकर्स सड़कों पर खुलेआम स्टंट करते दिखते नजर आते हैं। अधिकारियों की फटकार पर पुलिस एक-दो दिन अभियान चलाकर कार्रवाई करती। फिर वही सड़क पर साइड स्टैंड से स्पीड बढ़ाकर चिंगारी और स्टंट शुरु हो जाता है।

### स्टंटबाजी से पहले भी हुए हैं हादसे

- **03 फरवरी 2026 :** जनेश्वर मिश्र पार्क के पास 14 वर्षीय नाबालिग ने रील बनाने के लिए थार से पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ी।
- **14 जुलाई 2025 :** विवि मेट्रो स्टेशन के पास करीब 20 बाइक सवारों ने किया स्टंट। बाइकें आपस में और डिवाइडर से टकराईं, कई घायल।
- **09 जनवरी 2025 :** आउटर रिंग रोड पर रील बनाते समय बाइक फिसलने से युवक की मौत, साथी घायल।
- **14 जुलाई 2024 :** जनेश्वर मिश्र पार्क के पास स्पोर्ट्स बाइक से स्टंट करते समय युवक की गिरकर मौत।
- **23 जून 2024 :** इटौंजा में 15 हजार की शर्त लगाकर ट्रैक्टर से स्टंटबाजी में युवक की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौके।
- **18 नवंबर 2023 :** गोमतीनगर विस्तार में स्टंट कर रहे दो बाइक सवार डिवाइडर से टकराए। एक युवक की मौत, दूसरा घायल।
- **30 जून 2022 :** शहीद पथ पर स्टंट करते समय बाइक फिसलने से युवक की मौत।

### ट्रैफिक बूथ से हेड कांस्टेबल का वायरलेस सेट चोरी

**अमृत विचार, लखनऊः** मुंशी पुलिया ट्रैफिक बूथ से हेड कांस्टेबल को आवंटित वायरलेस सेट चोरी हो गया। सीसीटीवी कैमरे में चोर की करतूत कैद हुई है। हेड कांस्टेबल की तहरीर पर गाजीपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश मौर्य ने बताया कि फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है। हेड कांस्टेबल महताब सागर ट्रैफिक पुलिस लाइन में तैनात हैं। उनकी ड्यूटी 13 मार्च को मुंशीपुलिया चौराहे पर लगी थी। ड्यूटी के दौरान उन्हें आवंटित किया गया वायरलेस सेट डिस्चार्ज हो गया था। हेड कांस्टेबल ने बताया कि उन्होंने ट्रैफिक बूथ में वायरलेस सेट चार्ज करने के लिए रख दिया था। वह चौराहे पर लगे जाम को हटवाने में लग गए। इस दौरान उनका वायरलेस सेट चोरी हो गया।

# साई की महिला एनालिस्ट ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता सरोजनीनगर

- सरोजनीनगर के मिश्रा कालोनी में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) में एनालिस्ट ने रविवार दोपहर फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हर बिंदु पर जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक पश्चिम बंगाल के कोलकाता के सपन कुमार की पत्नी आंद्रेला गौस (36) सरोजनी नगर स्थित मिश्रा कॉलोनी में किराए पर रहती थीं। वह स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में हाई परफॉर्मेंस एनालिस्ट थीं। मकान मालकिन सुमन ने बताया कि रविवार दोपहर जब वह कमरे के पास पहुंचीं तो आंद्रेला गौस अपने कमरे में पंखे के हुक से रस्सी के सहारे लटकी दिखाई दीं। यह देख सुमन के होश उड़ गए और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फंदे से नीचे उतरवाकर सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया।

जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद आंद्रेला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर कमरे की जांच की, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं कारण का पता लगा रही है। पुलिस ने घटना की सूचना मृतका के पति को दी है। पुलिस के मुताबिक तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


## सिटी डायरी



होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद वितरक व अन्य।

### वितरकों ने खेली फूलों की होली

**अमृत विचार, लखनऊ :** चारबाग बाराबिरवा न्यूज पेपर हॉकर एसोसिएशन और लखनऊ समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति ने रविवार शाम लाटूश रोड स्थित शिमला होटल में होली मिलन समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि मध्य विधान सभा क्षेत्र विधायक रविदास मेहरोत्रा ने समाचार पत्र वितरकों को सरकारी सुविधाएं दिलाने का भरोसा देते हुए आयुष्मान कार्ड देने का विषय विधान सभा में उठाने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि पार्षद देवेंद्र सिंह यादव और समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता शिमल परिवार ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह में सभी ने एक-दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। अध्यक्ष छोटे लाल यादव, अनिल कुमार यादव, राकेश पाल, सरवन चौधरी, प्रदीप, राजकमल, बसूपाल, रामसरूप, जी. पी. तिवारी, बी. के. यादव और मुरारी यादव सहित सभी वितरक मौजूद रहे। निर्मल शुक्ला की ओर से प्रस्तुत रंगा रंग राधा-कृष्णा नृत्य ने समारोह की शोभा बढ़ाई।




ब्रेल लिपि में बना स्टेशन परिसर का नक्शा

### लखनऊ जंक्शन पर दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए लगाया ब्रेल नक्शा

**अमृत विचार,लखनऊ :** लखनऊ जंक्शन के मुख्य प्रवेश द्वार पर दृष्टिहीन और दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए ब्रेल लिपि से तैयार स्टेशन परिसर का नक्शा लगाया गया है। इसके जरिये दृष्टिबाधित यात्री बिना स्टेशन परिसर में मौजूद सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। नक्शे में यात्री पार्किंग एरिया, आरपीएफ पोस्ट, जीआरपी पोस्ट, स्टेशन निदेशक कार्यालय, कैबवे रोड, पार्सल कार्यालय, चाइल्ड लाइन, प्रथम तल के लिए सीढ़ियां, आईआरसीटीसी रूम, डॉरमेट्री, प्रवेश द्वार, दिव्यांग रैंप, पैसेंजर हॉल, पूछताछ केंद्र, टिकट वेंडिंग मशीन, टिकट काउंटर, आधार केंद्र, पेयजल, प्रसाधन, फूड ट्रैक, क्लॉक रूम, एसी यात्री विश्रामालय, बैटरी कार स्टैंड, लिफ्ट आदि की जानकारी दी गई है।



फीता काटकर उद्घाटन करते हुए केएन सिंह पटेल।

### बीएन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बख्शी का तालाब, बीएन कॉम्प्लेक्स में स्थित बीएन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल (200 बेड) का उद्घाटन रविवार को संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि केएन सिंह पटेल ने उद्घाटन किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन महेश सिंह पटेल ने की। वाइस चेयरमैन रजत पटेल ने बताया कि अस्पताल में तत्काल इलाज सुनिश्चित करने के लिए एम्बुलेंस का नेटवर्क तैयार किया गया है। उद्यमी राकेश सिंह, संदीप चौहान, डॉ. केके सिंह, विजय प्रताप सिंह, प्रताप सिंह वर्मा, डॉ. रमेश सिंह और आर्किटेक्ट सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे। नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया।



कार्यक्रम में मौजूद निदेशक डॉ. कजली गुप्ता व अन्य।

### पट्टिका का अनावरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय (सिविल) में प्रभारी अधिकारी फार्मेसी की सूची पट्टिका का अनावरण चिकित्सालय की निदेशिका डॉ. कजली गुप्ता ने किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीसी पांडेय, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसआर सिंह, पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश श्रीवास्तव, पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशुतोष दुबे, वरिष्ठ प्रामर्शदाता डॉ. अजय शर्मा, एसए अंसारी, वीके सिंह, एचएल राज, एसके यादव रणधीर मौजूद रहे।

**दुखद** | चालक कार छोड़कर फरार, तलाश जारी, दोनों मुर्गी दाना फैक्ट्री में करते थे काम

# किसान पथ पर हादसे में किशोर समेत दो की मौत

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में रविवार शाम किसान पथ पर बेकाबू कार और पल्सर बाइक की आमने-सामने भिड़त हो गयी। हादसे में मुर्गी दाना फैक्ट्री में काम करने वाले किशोर समेत दो की मौत हो गई। घटना के बाद चालक कार छोड़कर भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही सरोजनीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

मूल रूप से बिहार निवासी धीरेंद्र पाल बिजनौर के नई बस्ती नटकुर में किराए पर रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। बिहार के ही शंभू प्रसाद परिवार के साथ सरोजनीनगर के सुभाष नगर में किराए पर रहकर राजगीर मिस्त्री का काम करते हैं। धीरेंद्र का बेटा विनीत (22) और शंभू का बेटा सोनू (17) नटकुर के पास एक मुर्गी दाना कंपनी में मजदूरी करते थे। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजेदव राम प्रजापति ने बताया कि रविवार शाम करीब 5 बजे विनीत और सोनू पल्सर बाइक से सरोजनीनगर में दरोगा खेड़ा के पास किसान पथ से नीचे उतरकर कानपुर रोड की ओर आ रहे थे।

बाइक विनीत चल रहा था और सोनू पीछे बैठा था। इसी दौरान कानपुर रोड से किसान पथ के ऊपर चढ़ने के लिए आयी बेकाबू इंडिका कार और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कार में फंसकर बाइक काफी दूर तक घिसटती चली गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने विनीत और सोनू को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने लोकबंधु अस्पताल रेफर कर दिया। लोकबंधु अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने विनीत को मृत घोषित कर दिया। जबकि सोनू को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर पहुंचते ही चिकित्सकों ने सोनू को भी मृत घोषित कर दिया। मृतक विनीत के परिवार में पिता धीरेंद्र पाल, मां अति सुंदरी, दो छोटे भाई व दो बहने हैं। मृतक सोनू के परिवार में पिता शंभू प्रसाद, दो छोटे भाई मोनू और रौनक हैं। घटना में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस गाड़ी नंबर के आधार पर कार चालक का पता लगा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से रेलकर्मी की मौत

- **अमृत विचार, आलमबाग :** मूलरूप से राजस्थान के रहने वाले इंद्रजीत मीणा (32) पुत्र बाबूलाल मीणा सिंगार नगर में किराए के मकान में रहते थे। वे रेलवे वर्कशॉप में टेक्नीशियन असिस्टेंट सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। शनिवार सुबह 9 :30 बजे वह बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। रास्ते में आलमबाग स्थित फतेह अली तालाब के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे। पुलिस ने घायल को एपेक्स ट्रामा सेंटर भर्ती कराकर परिजन को हादसे की सूचना दी। इलाज के दौरान रविवार तड़के इंद्रजीत मीणा ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिवार में पत्नी मनीषा और बेटी निशु हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# एआई के प्रयोग से बढ़ेगी शोध कार्यों की गुणवत्ता

## महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ़ इनफर्मेशन टेक्नोलॉजी में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में देश-विदेश के विशेषज्ञों ने रखे विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ़ इनफर्मेशन टेक्नोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर हुई अंतराष्ट्रीय कार्यशाला में सतत विकास के लिए विज्ञान–तकनीक में नवाचार पर मंथन किया। इसके अलावा एआई से समाज के लिए उपयोगी गुणवत्तापूर्ण शोध को बढ़ावा देने पर भी बल दिया। शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने सतत विकास से जुड़े वैज्ञानिक एवं तकनीकी विषयों पर विचार साझा किए।

नेशनल एनवायरनमेंटल साइंस एकेडमी, सबरागामुवा यूनिवर्सिटी ऑफ श्रीलंका, इंटरनेशनल स्ट्रैटेजिक सेंटर फॉर एग्रीकल्चर एंड फूड डेवलपमेंट, उज्बेकिस्तान और ग्लोरियस विज़न यूनिवर्सिटी नाइजीरिया के सहयोग से सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय ने सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में वैज्ञानिक अनुसंधान और वैश्विक सहयोग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। विशिष्ट अतिथि पूर्व निदेशक, आईसीएआर–एनबीएफजीआर डॉ. उत्तम कुमार सरकार ने सतत मत्स्य पालन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर जोर दिया। डॉ. अंकित कुमार ओझा ने शोध कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपकरणों के उपयोग पर चर्चा की, जबकि डॉ. मौलिन पी. शाह ने औद्योगिक अपशिष्ट जल उपचार की उन्नत तकनीकों पर प्रकाश डाला। डॉ. भारत सिंह ने पर्यावरणीय प्रदूषण के प्रभावों के आकलन में जैविक संकेतकों की भूमिका बताई। अमेरिका से पधारे डॉ. राजेश सानी ने सूक्ष्मजीवों के माध्यम से सतत जैव-प्रसंस्करण और बायोप्लास्टिक विकास पर व्याख्यान दिया।



महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ़ इनफर्मेशन टेक्नोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला में जानकारी देते विशेषज्ञ।

### लविवि छात्र ने जीता प्रथम पुरस्कार

■ लखनऊ विश्वविद्यालय के फार्मास्यूटिकल साइंसेज़ संस्थान के तृतीय वर्ष के छात्र सनी कुमार सिंह ने पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सनी कुमार सिंह द्वारा प्रस्तुत शोध का शीर्षक "कार्डियोप्रोटेक्टिव प्रभाव के लिए कैलपेन तथा लिपोप्रोटीन को लक्ष्य बनाकर चयनित प्राकृतिक फ्लेवोनॉइड्स का इन-सिलिको मूल्यांकन" था। इस शोध में प्राकृतिक फ्लेवोनॉइड्स के हृदय संरक्षण संबंधी संभावित प्रभावों का कम्प्यूटर आधारित अध्ययन (इन-सिलिको विधि) के माध्यम से विश्लेषण किया गया।

### एआई पर वैल्यू एडेडे कोर्स शुरू कर रहा भाषा विश्वविद्यालय

■ **अमृत विचार, लखनऊ:** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्याय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर वैल्यू-एडेड पाठ्यक्रम 16 मार्च से शुरू किया जा रहा है। इसे एआई फॉर एवरीवन नाम दिया गया है। कोर्स सभी संकायों और पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए खुला है। उभरती डिजिटल तकनीकों से परिचित कराने के उद्देश्य से वैल्यू-एडेड पाठ्यक्रम को प्रारंभ किया जा रहा है। इस कोर्स को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। अब तक 996 विद्यार्थियों ने इसमें पंजीकरण कराया है। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. हेमंत कुमार सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग ने बताया कि इस वैल्यू-एडेड पाठ्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के प्रत्येक शैक्षणिक पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सरल, उपयोगी और सुलभ बनाना है।

### अर्नव के आतिशी शतक से सीएएल जायंट्स जीता

**अमृत विचार, लखनऊ:** रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट लीग में रविवार को खेले गए मैच में सीएएल जायंट्स ने सीएएल फाइटर्स को 241 रनों के बड़े अंतर से पराजित किया। यश साहनी क्रिकेट ग्राउंड पर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल जायंट्स ने निर्धारित 25 ओवर में आठ विकेट पर 327 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान अर्नव कुमार सिंह ने 36 गेंदों में शतक पूरा किया। उन्होंने 65 गेंदों पर 15 चौकों और 18 छक्कों की मदद से नाबाद 186 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएएल फाइटर्स की टीम शुरुआत से लड़खड़ा गई। बड़े लक्ष्य के दबाव में पूरी टीम 17.4 ओवर में 86 रन पर सिमट गई। मुकाबलों में सीएएल इंपीरियल्स ने सीएएल किंग्स को 12 रन, सीएएल सुपर किंग्स ने येलो टीम को आठ विकेट, सीएएल फाल्कंस ने जैगुआर्स को सात विकेट और सीएएल नियॉन ने सीएएल ड्रैगंस को एक रन से पराजित किया। सीएएल पाइरेट्स ने वॉरियर्स को 194 रन, सीएएल नाइट्स ने ग्लैडिएटर्स को पांच विकेट और सीएएल मावरिक्स ने सीएएल लीजेंड्स को पांच विकेट से शिकस्त दी।

## सिटी ब्रीफ

### नि:शुल्क टेनिस प्रशिक्षण शिविर 26 से

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्ले एंड फिट टेनिस एकेडमी की ओर से बच्चों के लिए नि:शुल्क लॉन टेनिस ट्रेनिंग शिविर 26 से 31 मार्च तक होगा। इसमें 4 वर्ष से 14 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभिभावक 22 मार्च तक 8090386019 नंबर पर संपर्क कर अपने बच्चों का पंजीकरण करा सकते हैं। अकादमी के संस्थापक मोहम्मद ऊबैद ने बताया कि शिविर का उद्देश्य छिपी प्रतिभाओं को सामने लाना है।

### अंडर-19 ट्रॉयल मैचों के लिए 100 चुने गए

**अमृत विचार, लखनऊ:** क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) की देखरेख में हुए अंडर-19 क्रिकेट के ट्रॉयल में 524 उभरते खिलाड़ियों ने प्रतिभाग का प्रदर्शन किया। इसमें 100 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। बीबीडी लीग में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 60 अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी सूची में शामिल किया गया है। चयनित खिलाड़ियों को प्रतिभा साबित करने के लिए चार-चार ट्रायल मैच खेलने का अवसर मिलेगा। इन मैचों में प्रदर्शन के आधार पर जिला स्तरीय अंडर-19 टीम का चयन किया जाएगा। क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के उपसचिव सुभांश कुमार ने बताया कि चयन पारदर्शी ढंग से किया गया। उन्होंने कहा कि ट्रायल मैचों में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा और मजबूत टीम तैयार की जाएगी।

### भाषा विवि हुआ में पर्यावरण प्रभाव पर व्याख्यान

**अमृत विचार, लखनऊ:** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में पर्यावरण प्रभाव आंकलन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विकास परियोजनाओं से जुड़े पर्यावरणीय प्रभावों की वैज्ञानिक समझ प्रदान की गई। मुख्य वक्ता डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने पर्यावरण प्रभाव आंकलन की प्रक्रिया, उसके महत्व की जानकारी दी। एफओईटी के निदेशक प्रो. राजेन्द्र त्रिपाठी, विषय प्रभारी कौशलेश कुमार शाह, आस्था चौरसिया तथा सलमान अंसारी उपस्थित रहे।

### अंतरिक्ष विज्ञान में अवसरों व संभावनाओं पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के पूर्व छात्र व भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के निदेशक प्रो. अनिल भारद्वाज ने विश्वविद्यालय के भौतिकी छात्रों के साथ संवाद किया। उन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अवसरों और संभावनाओं विषय पर छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध और नवाचार के लिए प्रेरित किया और यह भी रेखांकित किया। सत्र की शुरुआत में प्रो. लीना सिन्हा ने प्रो. अनिल भारद्वाज की शैक्षणिक यात्रा तथा अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदानों को रेखांकित किया।




वॉकाथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक डॉ. नीरज बोरा।

# वॉकाथॉन से दिया फिट रहने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अलीगंज स्थित रॉयल स्पोर्ट्स गंज (आरएसजी) स्टेडियम में रविवार को फिट टेस्ट फैमिली एरीना वॉकाथॉन और फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों, छात्रों और अन्य लोगों ने भाग लिया।

रॉयल स्पोर्ट्स गंज स्टेडियम, स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) और द गुरुकुलम स्कूल-बाय फिजिक्सवाला की दो किलोमीटर की वॉकाथॉन को विधायक डॉ. नीरज बोरा ने हरी झंडी दिखाई। द गुरुकुलम स्कूल-बाय फिजिक्सवाला की प्रधानाचार्या पूजा सिंह ने आरएसजी स्टेडियम के राज्य पदक विजेता खिलाड़ियों को स्कूल में फीस पर 50 प्रतिशत स्कॉलरशिप देने की घोषणा की। ओलंपियन सैयद अली, अवध ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन ऋषि गोयल, अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी अबू हुबैदा और शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक मुकेश सिंह मौजूद रहे।

### इन खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

■ अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी अबू हुबैदा, भारतीय पैरा क्रिकेटर संतोष गुप्ता, क्रिकेट अंडर-15 बोर्ड ट्रॉफी की राज्य स्तरीय खिलाड़ी अविका जैन, क्रिकेट अंडर-14 जोनल खिलाड़ी अखिल गिरि, ताइक्वांडो में राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक विजेता निरोशा सिंह, ताइक्वांडो में राज्य स्तर पर रजत व कांस्य पदक विजेता आराध्या शुक्ला, टेनिस अंडर-14 क्षेत्रीय स्वर्ण पदक विजेता अन्वी भाटिया, टेनिस अंडर-10 कांस्य पदक विजेता प्रणय शुक्ला, हॉकी एसजीएफआई के चयनित खिलाड़ी शाम्भवी मिश्रा, सबल सिंह, अलावा उभरते बास्केटबॉल खिलाड़ी आदित्य दास, अपूर्वा वर्मा, फुटबॉल खिलाड़ी आरुष राज यादव और यशवर्धन श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।

# एलएसजी के खिलाड़ी आज से करेंगे इकाना में अभ्यास

कायार्लय संवाददाता, लखनऊ



दिग्वेश राठी



मयंक यादव



आवेश खान

**अमृत विचार:** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन की तैयारियों के बीच लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाड़ी लखनऊ पहुंचने लगे हैं। सोमवार से खिलाड़ी इकाना में अभ्यास करेंगे।

इस बार भी टीम की कमान भारतीय स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के हाथों में होगी। टीम की रणनीतियों को धार देने के लिए ग्लोबल क्रिकेट डायरेक्टर टॉम मूडी और मुख्य कोच जस्टिन लंगर लखनऊ पहुंच चुके हैं। इनके साथ सहायक कोच लांस क्लूजनर की मौजूदगी एलएसजी के थिंक-टैंक को अंतरराष्ट्रीय अनुभव से और मजबूत बनाती है। इस सीजन के लिए टीम प्रबंधन ने संतुलित और आक्रामक संयोजन तैयार किया है। कप्तान ऋषभ पंत के साथ एडन मार्करम, मिशेल मार्श, मोहम्मद शमी और आवेश खान जैसे अनुभवी खिलाड़ी टीम की रीढ़ माने जा रहे हैं। वहीं अब्दुल समद और अर्जुन तेंदुलकर जैसे युवा खिलाड़ियों का जोश इस सीजन में टीम को नई ऊर्जा देगा। अभ्यास शिविर के लिए अब तक कई खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ शहर पहुंच चुके हैं। इनमें मयंक यादव, आवेश खान, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, आकाश सिंह, मुकुल चौधरी, अर्शीन कुलकर्णी, दिग्वेश सिंह और प्रिंस यादव शामिल हैं। टीम प्रबंधन के अनुसार शुरुआती अभ्यास सत्र खिलाड़ियों की फिटनेस और स्किल्स को निखारने पर केंद्रित रहेगा, ताकि टूर्नामेंट से पहले टीम पूरी तरह तैयार हो सके।

### अंडर-16 क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रॉयल 17 और 18 को

■ **अमृत विचार, लखनऊ:** क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ अंडर-16 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के चयन के लिए 17 और 18 मार्च को स्पोर्ट्स गैलेक्सी मैदान पर ट्रायल कराएगा। खिलाड़ियों को सुबह 7 बजे मैदान पर पहुंचकर अशर खालिद को रिपोर्ट करना होगा। एसोसिएशन कार्यालय से खिलाड़ी चेस्ट नंबर प्राप्त कर सकेंगे। एसोसिएशन लखनऊ के उप सचिव नईम चिश्ती ने बताया कि प्रदर्शन के आधार पर चयन प्रक्रिया से छूट वाले खिलाड़ियों को भी चेस्ट नंबर लेना होगा। इन खिलाड़ियों को इंटर डिस्ट्रिक्ट या बीबीडी लीग के प्रदर्शन से संबंधित फार्म एसोसिएशन कार्यालय में जमा करना होगा। फार्म जमा न करने वाले को चयन प्रक्रिया में छूट का लाभ नहीं मिलेगा।

### दो दशकों से फ्रीज लविवि की अनुदान राशि देने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ की कार्यकारिणी बैठक गुरुवार को स्टाफ क्लब में आयोजित हुई, जिसमें शिक्षकों और विश्वविद्यालय से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। लूटा अध्यक्ष प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि कार्यकारिणी ने राज्य सरकार और उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय को शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा को स्वीकार करने पर धन्यवाद देने का प्रस्ताव भी पारित किया। वहीं विश्वविद्यालय में छात्रों से लिए जाने वाले परीक्षा शुल्क को कम करने के संबंध में मंत्री की हालिया घोषणा पर चिंता व्यक्त की गई। संघ ने कहा कि विश्वविद्यालय की आय मुख्य रूप से परीक्षा शुल्क और सेमेस्टर शुल्क पर निर्भर है, इसलिए शुल्क में कटौती से विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर विश्वविद्यालय की लगभग दो दशकों से स्थिर पड़ी अनुदान राशि बढ़ाने और सक्रिय करने का अनुरोध किया जाएगा।



गोमतीनगर क्षेत्र के गीतापुरी खरगापुर स्थित जेपीएस एकेडमी के छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### जेपीएस एकेडमी के छात्रों ने जीते कप और मेडल

**अमृत विचार, लखनऊ:** विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृत ज्ञान परीक्षा 2025-26 में गोमतीनगर स्थित जेपीएस एकेडमी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कप प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अंश राज रावत, शमशेद अली, अभय विश्वकर्मा, कार्तिक शुक्ला, वंश गिरी, अर्शु अवस्थी और शशांक पाल शामिल रहे। वहीं मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सोनिया मौर्य, सुमन राजपूत, शालिनी यादव, रुद्र प्रताप सिंह, अंकलेश्वर रावत, दीपक यादव, सौरभ विश्वकर्मा, रूही पाल, कन्हैया मौर्य, कुलसुम खान, सूरज कुमार विश्वकर्मा, रोशनी सिंह, यश यादव, उमा सिंह, निशा मौर्य और काजल राजपूत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर गणतंत्र दिवस 2026 पर आयोजित देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शानदार प्रस्तुति देने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। शिक्षिका आरती देवी व सोनम जायसवाल को भारतीय संस्कृत ज्ञान परीक्षा में विद्यार्थियों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## सिटी डायरी



शिक्षक की पाती दिखाते प्राथमिक शिक्षक।

### शिक्षक की पाती अभियान जारी रखेगा महासंघ


**अमृत विचार, लखनऊ:** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ शिक्षक की पाती अभियान जारी रखेगा। टीईटी की अनिवार्यता समाप्त किए जाने की मांग को लेकर चलाए जा रहे शिक्षक की पाती अभियान को व्यापक समर्थन हासिल हो रहा है जिसे देखते हुए अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ राष्ट्रीय संयोजक सुशील कुमार पांडे ने इसे जारी रखने की घोषणा की है। आरटीई एक्ट 2009 व एनसीटीई की अधिसूचना से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर पिछले एक सप्ताह से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बड़ी संख्या में शिक्षकों द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, नेता प्रतिपक्ष व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पोस्टकार्ड और ई-मेल के माध्यम से अपनी पीड़ा और मांगों को प्रेषित किया जा रहा है।



सीएमएस की संस्थापक डॉ भारती गांधी विद्यार्थी।

### डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स संपन्न

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन सम्पन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश न्यू एवं रिन्युएबल एनर्जी डेवलपमेन्ट एजेन्सी के डा. इन्द्रजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास में सी.एम.एस. अग्रणी भूमिका निभा रहा है। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा से अच्छे समाज का निर्माण होता है। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि अपनी शिक्षा पद्धति में नवीनता व रचनात्मकता को सीएमएस ने अपनाया है।



रक्षामंत्री को गुलदस्ता भेंट करते कुलपति प्रो. राज कुमार।

### रक्षा मंत्री से मिले कुलपति

**अमृत विचार, लखनऊ:** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के मध्य विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध एवं आधारभूत संरचनात्मक प्रगति से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने रक्षा मंत्री को विश्वविद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों, नई पहल एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय में शोध, नवाचार तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया।



मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ी व अन्य।

### मैत्री मैच हुआ

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ के बीकेटी ग्राउंड पर रविवार को यूपीएएसटी एकादश और एवर ग्रीन एकादश में मैत्री टी-20 क्रिकेट मैच खेला गया। यूपीएएसटी के संचालन निदेशक अधिवक्ता वैभव जैन ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया। टॉस जीतकर यूपीएएसटी एकादश ने पहले बल्लेबाजी की। ओपनिंग जोड़ी ने 94 रनों की साझेदारी की। न्यायाधीश अंकुश श्रीवास्तव ने शतक और निशांत सिंह ने अर्धशतक लगाया।

## खेलकूद

स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ और लखनऊ मंडल की टीमें भी अंतिम आठ में पहुंची

# शाहरुख की हैट्रिक से स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ क्वार्टर फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मेजबान स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ, स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ और लखनऊ मंडल की टीमें सब जूनियर राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। सोमवार को सभी क्वार्टर फाइनल मैच खेले जाएंगे।

गोमतीनगर स्थित विजयंतखंड मिनी स्टेडियम के पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी टर्फ स्टेडियम पर रविवार को स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने गोरखपुर मंडल को 7-1 के बड़े अंतर से पराजित किया। शाहरुख अली ने हैट्रिक लगाकर जीत में अहम भूमिका



निभाई। मैच की शुरुआत से ही स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने आक्रामक खेल दिखाया। खेल के तीसरे मिनट में करण धानुक ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद शाहरुख अली ने पांचवें, सातवें और 17वें मिनट में लगातार गोल कर गोरखपुर के डिफेंस को ध्वस्त कर दिया। अंशु पाण्डेय ने 25वें और 42वें मिनट और आशीष यादव ने एक गोल किया। बस्ती मंडल, स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी, स्पोर्ट्स हॉस्टल रामपुर, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई और स्पोर्ट्स हॉस्टल झांसी ने भी जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ ने चित्रकूट मंडल को 18-0, लखनऊ मंडल ने मिर्जापुर मंडल को 2-0, बस्ती मंडल ने वाराणसी मंडल को 3-0, स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी ने सहारनपुर मंडल को 10-0, स्पोर्ट्स हॉस्टल रामपुर ने बरेली मंडल को 7-0, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई ने प्रयागराज मंडल को 10-0, स्पोर्ट्स हॉस्टल झांसी ने मुरादाबाद मंडल को 4-0 से पराजित किया।

### केवीजीएन क्लब ने स्मैश क्रिकेट क्लब को दो विकेट से हराया

■ **अमृत विचार:** मैन ऑफ द मैच अमित मदान के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन और आशू की उपयोगी पारी के चलते केवीजीएन क्रिकेट क्लब ने सरदार अजीत पाल सिंह मेमोरियल (40 प्लस) टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में स्मैश क्रिकेट क्लब को दो विकेट से पराजित कर दिया। रास बिहारी तिवारी स्टेडियम में स्मैश क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 176 रन बनाए। नरिंदर जीत सिंह ने 33 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 49 रन बनाए। राजेश वर्मा ने 29 रन का योगदान दिया। केवीजीएन क्लब की ओर से अमित मदान ने तीन विकेट झटके और आशू ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केवीजीएन क्रिकेट क्लब की टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में दो विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली। आशू ने 24 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 43 रन की पारी खेली। अमित मदान ने नाबाद 18 रन बनाए और तीन विकेट लेने के साथ अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। इससे पूर्व टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व रणजी क्रिकेटर उबैद कमाल और समाजसेवी सुभाष चंद्र ने किया।